# सूचना शाखा
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
# (राज्यपाल सूचना परिसर)

———

## राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन, लखनऊ में गोवा राज्य का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

———

लखनऊ : 30 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन, लखनऊ में गोवा राज्य का स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजभवन परिसर में गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक विविधता, ऐतिहासिक महत्व एवं पारंपरिक लोक कलाओं को उजागर करने वाली एक विशेष रंगोली और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में गोवा के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों जैसे बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस, सेंट कैथेड्रल चर्च, बिग फूट म्यूजियम, फोर्ट अगुआडा, ि ागमोत्सव, साओ जोआओ महोत्सव, पपीयर माचे, शांतादुर्गा मंदिर, एवं अन्य दर्शनीय स्थलों के चित्रों, शिल्प कृ तियों एवं सूचनात्मक विवरणों के माध्यम से राज्य की धार्मिक–सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत किया गया। गोवा के लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, काष्ठ एवं धातु शिल्प, व्यंजन संस्कृति से संबंधित चित्र एवं सामग्री ने आकर्षित किया। समारोह में फिल्म 'बाम्बे टू गोवा' भी प्रदि ित की गयी।

राज्यपाल जी की प्रेरणा से आयोजित यह आयोजन भारत की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' संकल्पना को साकार करता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधताओं को सम्मानपूर्वक साझा किया जाता है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, वि ोश सचिव श्री राज्यपाल श्री श्रीप्रका ा गुप्ता, वि ोश कार्याधिकारी (ि ाक्षा) डॉ0 पंकज एल0 जानी सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, अध्यासित व अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080


























गोवा
के स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनाएँ
श्रीमती आनंदीबेन पटेल माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
GovernorUP GovernorUp upgovernor upgovernor.gov.in




OMBAY TO GOA